वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांकः 4138/गोप0/सर्कुलर/23 दिनांकः 20.09.2023

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय,
जौनपुर
पिन कोडः 222003
उत्तर प्रदेश।

विषय :— वर्ष 2023 की मुख्य परीक्षा के अपूर्ण परीक्षा परिणाम को पूर्ण कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा 2023 के परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके हैं। विश्वविद्यालय का 27वां दीक्षान्त समारोह नवम्बर 2023 में प्रस्तावित है। अपने महाविद्यालय के परीक्षा परिणाम का अवलोकन कर यह सुनिश्चित कर लें कि जितने छात्र पंजीकृत थे तथा परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उन सभी का परिणाम घोषित हो चुका है।

यदि आपके महाविद्यालय के कक्षावार पंजीकृत एवं परीक्षा में सम्मिलित विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम किन्हीं कारणों से अपूर्ण प्रदर्शित हो रहा है, तो ऐसे विद्यार्थियों की सूची वांछित अभिलेखों (पी.—06 पी.—07 आदि) के प्रमाणित प्रतिलिपि दिनांक 05 अक्टूबर 2023 तक उपलब्ध करा कर परीक्षाफल पूर्ण करा लें, अन्यथा की स्थिति में उपलब्ध विवरण के अनुसार योग्यता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार कर ली जायेगी।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :—

1. वेबमास्टर, को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
2. समाचार सम्पादक .... को इस आशय से प्रेषित कि कृपया वे अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वांचल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
4. कुलसचिव जी के सूचनार्थ।

सहायक कुलसचिव
(गोपनीय)